मत्स्य पालन विभाग हरियाणा

अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंजाब मत्स्य नियमावली 1914 तथा उसके अधीन बनाए गये हरियाणा मत्स्य नियम 1996 के अर्न्तगत राज्य के अधिसूचित पानियों में 1.7.2017 से 31.8.17 तक जालों द्वारा मछली पकडने पर प्रतिबन्ध लगाया जा रहा है। यदि इस दौरान कोई भी व्यक्ति जालों द्वारा अधिसूचित पानियों में मछली पकडता है तो उसके विरूद्ध मत्स्य नियमावली के अंतर्गत दर्शाई गई धारा के अनुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त राज्य के अधिसूचित पानियों में हरियाणा मत्स्य नियमावली 1996 की धारा–7 (5) के अर्न्तगत बिजली के करंट, डायनामाईटिक अथवा किसी हानिकारक विष्फोटक पदार्थ से मछली पकडना/मारना व जहरीला पदार्थ डालना भी कानूनन जुर्म है ।

सर्व साधारण से अपील की जाती है कि हरियाणा राज्य के प्राकृतिक पानियों में मछली सम्पदा को बढाने के लिये मत्स्य विभाग को सहयोग दे तथा मछली प्रजनन के समय माह जुलाई व अगस्त, 2017 में अधिसूचित पानियों में मछली का शिकार ना करें ।

हस्ता/–
निदेशक मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा,
बेज न0 31–32, सैक्टर–4,
पंचकूला ।